# UPSSSC

## Chackbandi Lekhpal

## Previous Year Paper

### 30 Sept 2019 Shift 1

## 150 Questions

**Que. 1** उस आकृति का चयन कीजिये जो आकृति C से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार आकृति B, आकृति A से संबंधित है।

1.
2.
3.
4.

Correct Option - **3**

**Que. 2** निम्न शब्दों की सूची में से एक बेजोड़ शब्द का चयन कीजिये। उपेक्षा, वर्जन, अभिज्ञान, अस्वीकार, उपेक्षा, उपेक्षा, छिपाना, भूलना, अनदेखी

1. अभिज्ञान
2. उपेक्षा करना
3. छिपाना
4. अनदेखी

Correct Option - **1**

**Que. 3** निम्नलिखित सूची में से बेजोड़ शब्द का चयन कीजिये।

जयपुर, जोधपुर, जैसलमेर, छतरपुर, अजमेर, बीकानेर, चित्तौड़गढ़, कोटा, सीकर, पुष्कर।

1. जोधपुर
2. छतरपुर
3. चित्तौड़गढ़
4. पुष्कर

Correct Option - **2**

**Que. 4** निम्न आरेख एक कंपनी के एक निश्चित विभाग में काम करने वाले कर्मचारियों द्वारा बोली जाने वाली भाषाओँ की संख्या पर किये गए एक सर्वेक्षण का परिणाम है। आरेख का अध्ययन कीजिये और उस विकल्प की पहचान कीजिये जो गलत है।

1. सर्वेक्षण में भाग लेने वाले कर्मचारियों की कुल संख्या 54 है।
2. 30 कर्मचारी हिंदी बोल सकते हैं।
3. 30 कर्मचारी मराठी नहीं बोल सकते हैं।
4. 23 कर्मचारी केवल दो भाषाएँ बोल सकते हैं।

Correct Option **- 4**

---

**Que. 5** एक पासे की दो स्थितियों को दर्शाया गया है। यदि '5' के विपरीत '1' है, तो '2' के विपरीत कौन सी संख्या होगी?

1. 3
2. 4
3. 5
4. 6

Correct Option **- 2**

---

**Que. 6** जॉन बिंदु A से 12 किमी पूर्व की और चलता है और फिर बायीं और मुड़ता है और बिंदु B तक 5 किमी चलता है। बिन्दुओं A और B के बीच की न्यूनतम दूरी क्या है?

1. 13 किमी
2. 8 किमी
3. 10 किमी
4. 14 किमी

Correct Option **- 1**

---

**Que. 7** एक कथन और इससे संबंधित दो निष्कर्ष दिए गए हैं। ज्ञात कीजिये कि निम्नलिखित कौन सा निष्कर्ष दिए गए कथन का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।

**कथन:**

चुनावों के दौरान, राजनेता अन्य दलों के उम्मीदवारों के लिए अपशब्दों का प्रयोग करते हैं और कुछ अशिष्ट इशारे भी करते हैं।

**निष्कर्ष:**

I) महिलाओं और बच्चों को चुनावी सभाओं में नहीं आने देना चाहिए।

II) चुनाव आयोग को सभी राजनेताओं के लिए एक सख्त आचार संहिता लागू करनी चाहिए।

1. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

2. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
3. या तो निष्कर्ष I या फिर निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
4. ना तो निष्कर्ष I और ना ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

Correct Option **- 2**

---

**Que. 8** उस विकल्प का चयन कीजिये जो निम्नलिखित कथन के लिए एक वैध धारणा है।

**कथन:**

रमेश, जो मधुमेह का रोगी है, ने डॉक्टर की स्पष्ट चेतावनी के बावजूद अपने दोस्त की शादी के अवसर पर आइसक्रीम खाई।

1. मित्र रमेश को अधिक पसंद नहीं करता है।
2. डॉक्टर को आइसक्रीम पसंद नहीं है।
3. आइसक्रीम रमेश की सेहत के लिए अच्छी नहीं है।
4. मधुमेह के रोगी डॉक्टर को पसंद नहीं करते हैं।

Correct Option **- 3**

---

**Que. 9** एक कथन और उसके बाद दो कार्यवाहियाँ दी गयी हैं। उस विकल्प का चयन कीजिये जो दिए गए कथन के लिए एक वैध कार्यवाही है।

**कथन:**

निर्धारित परिवहन हड़ताल से बाजार में सब्जियों की किल्लत होगी और दाम भी बढ़ेंगे।

**कार्यवाही:**

I. सरकार को हड़ताल रद्द करने के लिए परिवहन संघ से बात करनी चाहिए।

II. दुकानदारों को अतिरिक्त सब्जियां पहले से खरीद कर रखनी चाहिए।

1. केवल कार्यवाही I
2. केवल कार्यवाही II
3. कार्यवाही I और II दोनों
4. ना तो कार्यवाही I और ना ही II

Correct Option **- 1**

---

**Que. 10** यदि गोचर:: आँखें है, तो, श्रव्य ::? ज्ञात कीजिये प्रश्न चिह्न (‘?’) के स्थान पर क्या आएगा।

1. मस्तिष्क
2. नाक
3. हृदय
4. कान

Correct Option **- 4**

---

**Que. 11** यदि पुस्तक :: लेखक है, तो गीत ::? ज्ञात कीजिये प्रश्न चिह्न (‘?’) के स्थान पर क्या आएगा।

1. पटकथा लेखक
2. गीतकार
3. निर्देशक
4. निर्माता

Correct Option **- 2**

---

**Que. 12**

एक निश्चित कूट भाषा में, यदि COPPER को C15P16E18 और SULFUR को S2IL6U18 लिखते हैं, तो SODIUM को किस प्रकार लिखा जायेगा?

1. SI5D9U21
2. S19D4U21
3. S15D9U13
4. S15D2IM13

Correct Option **- 3**

---

**Que. 13** स्टेज पर अभिनय करते एक लड़के की और इशारा करते हुए, दर्शकों में से एक आदमी कहता है, "वह शिल्पा की पुत्री का भाई है। शिल्पा मेरे पुत्र की माँ की सास की बहु है। यदि वह व्यक्ति शिल्पा का पति नहीं है, तो वह व्यक्ति स्टेज पर अभिनय करते लड़के के पिता से किस प्रकार संबंधित है?

1. चाचा
2. नेफ्यू
3. दादा
4. भाई

Correct Option **- 4**

---

**Que. 14** चार कथन और उसके बाद चार निष्कर्ष दिए गए हैं। चिह्नित कीजिये कि दिया गया कौन सा/कौन से निष्कर्ष दिए गए कथनों का निशिचित रूप से अनुसरण करता है/करते हैं, भले ही वे ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होते हों।

**कथन:**

1. कुछ बिल्लियाँ भौंकती हैं।
2. भौंकने वाले सोते नहीं हैं।
3. सभी हाथी सोते हैं।
4. कोई बिल्ली हाथी नहीं है।

**निष्कर्ष:**

I) कुछ बिल्लियाँ नहीं सोती हैं।
II) कुछ हाथी भौंकते हैं।
III) भौंकने वाली बिल्लियाँ हाथी हैं।
IV) ना भौंकने वाले हाथी बिल्ली हैं।

1. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
2. केवल निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं।
3. केवल निष्कर्ष III और IV अनुसरण करते हैं।
4. केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है।

Correct Option **- 1**

---

**Que. 15** निम्न श्रृंखला का अध्ययन कीजिये और ज्ञात कीजिये कि प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर कौन सा पद आएगा।

STEM, MFRV, VSDP, PEQY, YRCS, SDPB, ?

1. BPBU
2. BNFO
3. BQBV
4. BQAW

Correct Option **- 3**

---

**Que. 16** निम्न श्रृंखला का अध्ययन कीजिये और ज्ञात कीजिये कि प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर कौन सा पद आएगा।

JAM24, LEK28, NII32, POG38, RUE44, TAC24, ?

1. VAA26
2. VEA28
3. VEB30
4. VEA32

Correct Option - **2**

**Que. 17** निम्न श्रृंखला का अध्ययन कीजिये और ज्ञात कीजिये कि प्रश्न चिह्न ('?') के स्थान पर कौन सा पद आएगा।

83, 77, 68, 56, 41, 23, ?

1. 2
2. 7
3. 10
4. 11

Correct Option - **1**

**Que. 18** निम्नलिखित प्रश्न को पढ़िये और तय कीजिये कि इसका सही उत्तर देने के लिए किस विकल्प में अतिरिक्त जानकारी की आवश्यकता है। एक पिता और एक पुत्र की आयु का अनुपात 13 : 3 है। यदि माता की आयु 33 वर्ष है, तो पिता की आयु का माता की आयु से अनुपात क्या है?

1. पिता और पुत्र की आयु का अंतर माता की आयु से 3 कम है।
2. विवाह के समय पिता की आयु 27 वर्ष थी।
3. पिता और पुत्र की औसत आयु माता और पुत्र की औसत आयु से अधिक है।
4. पुत्र के पहले जन्मदिन पर पिता और माता की औसत आयु 28 वर्ष थी।

Correct Option - **1**

**Que. 19** निम्नलिखित प्रश्न को पढ़िये और निर्धारित कीजिये कि किस विकल्प का सही उत्तर देने के लिए अतिरिक्त जानकारी की आवश्यकता है।

A, B से लंबा है। B, C से छोटा है। कौन सबसे लंबा है।

1. C सबसे छोटा नहीं है।
2. B सबसे लंबा नहीं है
3. C और B की औसत लंबाई, A की लंबाई के बराबर है।
4. A और B की औसत लंबाई, C से कम है।

Correct Option - **3**

**Que. 20** A, B का पुत्र है। B, C का पति है और D का भाई है। D, E की माता है और F की पत्नी है। B, F से किस प्रकार संबंधित है?

1. ब्रदर-इन-लॉ
2. कज़न
3. सिस्टर-इन-लॉ
4. नेफ्यू

Correct Option - **1**

**Que. 21** निम्नलिखित प्रश्न को पढ़िये और निर्धारित कीजिये इसका उत्तर देने के लिए किस विकल्प की अतिरिक्त जानकारी की आवश्यकता है। पांच छात्र A, B, C, D और E एक पंक्ति में इस प्रकार खड़े हैं कि A, C और E छोर पर नहीं हैं। पंक्ति में पहले स्थान पर कौन खड़ा है?

1. E, C के आगे है लेकिन A के पीछे है।
2. A, C के आगे है लेकिन D के पीछे है।
3. E ठीक बीच में है।
4. यहाँ C के आगे 3 छात्र हैं।

Correct Option **- 2**

---

**Que. 22** निम्नलिखित में से असंगत शब्द का चयन कीजिये।

1. DVW
2. GST
3. JPQ
4. MNK

Correct Option **- 4**

---

**Que. 23** उस पद का चयन कीजिये जो निम्न श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा।

1BY, 6FV, 11JS, 16NP, ?

1. 21QL
2. 21QM
3. 21RM
4. 21ON

Correct Option **- 3**

---

**Que. 24** यदि एक कूट भाषा में TABLE को SYYHZ लिखते हैं, तो उस कूट भाषा में CHAIR को किस प्रकार लिखा जाएगा?

1. FBEXM
2. BEFXM
3. EBFMX
4. BFXEM

Correct Option **- 4**

---

**Que. 25** निम्नलिखित प्रश्न में, किन गणितीय चिन्हों के प्रयोग से व्यंजक सही हो जायेगा?

6__12__3__5__15 = 11.5

1. ÷ ,– , +, x
2. +, –, x, ÷
3. ÷, x, –, +
4. –, +, ÷, x

Correct Option **- 3**

---

**Que. 26** RFP का पूर्ण रूप क्या है, जिसका उपयोग सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में RFP दस्तावेज़ को संदर्भित करने के लिए किया जाता है?

1. रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल
2. रिक्वेस्ट फॉर पेटिशन
3. रिक्वेस्ट फॉर प्रोसेस
4. रजिस्टर फॉर्मल प्रोसेस

Correct Option **- 1**

---

**Que. 27** वाटसन कंप्यूटर निम्नलिखित में से किस कंपनी का उत्पाद है?

1. माइक्रोसॉफ्ट
2. IBM
3. गूगल
4. डेल

Correct Option **- 2**

---

**Que. 28** केविन सिस्ट्रोम और माइक क्रीगर निम्नलिखित में से किसके संस्थापक हैं?

1. व्हाट्सएप
2. ट्विटर
3. इंस्टाग्राम
4. लिंक्डइन

Correct Option **- 3**

---

**Que. 29** निम्नलिखित में से किसने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना की थी?

1. रविंद्रनाथ टैगोर
2. गणेश शंकर विद्यार्थी
3. गोविंद बल्लभ पंत
4. मदन मोहन मालवीय

Correct Option **- 4**

---

**Que. 30** बड़ा इमामबाड़ा स्मारक कहाँ स्थित है?

1. लखनऊ
2. वाराणसी
3. कानपुर
4. प्रयागराज (इलाहाबाद)

Correct Option **- 1**

---

**Que. 31** निम्नलिखित में से किसे शेर-ए-बलिया के नाम से जाना जाता था?

1. भगत सिंह
2. चंद्रशेखर आजाद
3. चित्तू पांडे
4. मंगल पांडे

Correct Option **- 3**

---

**Que. 32** निम्नलिखित में से कौन लोकसभा चुनाव 2019 में लखनऊ से राजनाथ सिंह के खिलाफ समाजवादी पार्टी (सपा) का उम्मीदवार था?

1. सुरेश बंसल
2. पूर्वी वर्मा
3. उषा वर्मा
4. पूनम सिन्हा

Correct Option **- 4**

**Que. 33** उत्तर प्रदेश राज्य में परीछा बांध किस नदी पर बनाया गया है?

1. शारदा
2. चंबल
3. बेतवा
4. घाघरा

Correct Option - **3**

**Que. 34** उत्तर प्रदेश को पहले संयुक्त प्रांत के रूप में जाना जाता था। किस वर्ष इसे उत्तर प्रदेश का नाम दिया गया था?

1. 1947
2. 1951
3. 1950
4. 1948

Correct Option - **3**

**Que. 35** संयुक्त प्रांत से उत्तर प्रदेश का नाम बदलने के बाद उत्तर प्रदेश के पहले राज्यपाल कौन थे?

1. वराहगिरी वेंकट गिरि
2. होरमुसजी फिरोजशाह मोदी
3. विश्वनाथ दासो
4. अकबर अली खान

Correct Option - **2**

**Que. 36** वेल्लोर विद्रोह, अंग्रेजों के खिलाफ भारतीय सैनिकों द्वारा पहला बड़े पैमाने पर विद्रोह, किस वर्ष हुआ था?

1. 1812
2. 1800
3. 1806
4. 1813

Correct Option - **3**

**Que. 37** किस वर्ष ईस्ट इंडिया कंपनी ने रणजीत सिंह के साथ अमृतसर की पहली संधि पर हस्ताक्षर किए थे?

1. 1800
2. 1805
3. 1806
4. 1809

Correct Option - **4**

**Que. 38** निम्नलिखित में से किसके द्वारा 1828 में ब्रह्म समाज की स्थापना की गई थी?

1. राजा राम मोहन राय
2. स्वामी दयानंद सरस्वती
3. केशव चंद्र सेन
4. स्वामी विवेकानंद

Correct Option - **1**

**Que. 39** भारत में पहली यात्री ट्रेन बॉम्बे (बॉम्बे, अब छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस) से ठाणे तक किस वर्ष चली थी?

1. 1835
2. 1825
3. 1853
4. 1840

Correct Option - **3**

**Que. 40** 1764 में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा भारत का पहला डाकघर किस स्थान पर स्थापित किया गया था?

1. सिक्किम
2. पुणे
3. मद्रास (अब चेन्नई)
4. बॉम्बे (अब मुंबई)

Correct Option - **4**

**Que. 41** जॉन मॉर्ले द्वारा तैयार किया गया मॉर्ले-मिंटो सुधार निम्नलिखित में से किस वर्ष में लागू किया गया था?

1. 1909
2. 1920
3. 1895
4. 1897

Correct Option - **1**

**Que. 42** महात्मा गांधी को राष्ट्रपिता के रूप में संबोधित करने वाले पहले व्यक्ति कौन थे?

1. सरदार पटेल
2. जवाहर लाल नेहरू
3. सुभाष चंद्र बोस
4. लाला लाजपत राय

Correct Option - **3**

**Que. 43** एराविकुलम राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?

1. कर्नाटक
2. असम
3. केरल
4. आंध्र प्रदेश

Correct Option - **3**

**Que. 44** निम्नलिखित में से कौन अजैविक नहीं है?

1. पानी
2. मिट्टी
3. हवा
4. कवक

Correct Option - **4**

**Que. 45** उपलब्ध जानकारी के अनुसार वर्ष 2014 तक विश्व में निम्नलिखित में से कौन टिन का अग्रणी उत्पादक है?

1. चीन

2. ब्राजील
3. मलेशिया
4. वियतनाम

Correct Option - **1**

---

**Que. 46** तमिलनाडु के किस जिले में ग्रैंड एनीकट बांध है, जिसे कल्लनई के नाम से भी जाना जाता है, जो सबसे पुराने बांधों में से एक है?

1. मदुरै
2. तिरुचिरापल्ली
3. इरोड
4. कोयम्बटूर

Correct Option - **2**

---

**Que. 47** उपलब्ध जानकारी के अनुसार वर्ष 2012 तक विश्व में बॉक्साइट का सबसे बड़ा उत्पादक देश कौन सा है?

1. ब्राज़ील
2. भारत
3. ऑस्ट्रेलिया
4. इंडोनेशिया

Correct Option - **3**

---

**Que. 48** निम्नलिखित में से किस नदी को उत्तर पिनाकिनी के नाम से भी जाना जाता है?

1. कावेरी
2. ब्राह्मणी
3. वैगई
4. पेन्नार

Correct Option - **4**

---

**Que. 49** अंगूर की खेती या संवर्धन को निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता है?

1. विटकल्चर
2. पिसिकल्चर
3. सेरीकल्चर
4. हॉर्टिकल्चर

Correct Option - **1**

---

**Que. 50** खादर और भांगर निम्नलिखित में से किस मिट्टी के प्रकार हैं?

1. काली
2. जलोढ़
3. लाल
4. लैटेराइट

Correct Option - **2**

---

**Que. 51** निम्नलिखित में से किस देश में तानामी मरुस्थल स्थित है?

1. चीन
2. दक्षिण अफ्रीका
3. ऑस्ट्रेलिया
4. भारत

Correct Option - **3**

---

**Que. 52** उपलब्ध जानकारी के अनुसार मार्च 2019 तक भारतीय संविधान में कितने मौलिक कर्तव्य हैं?

1. 6
2. 7
3. 9
4. 11

Correct Option - **4**

---

**Que. 53** भारत ने किस देश में भारत-अफ्रीका कृषि और ग्रामीण विकास संस्थान (IAIARD) की स्थापना के लिए अप्रैल 2019 में नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट कंसल्टेंसी सर्विस (NABCONS) के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं?

1. ज़ाम्बिया
2. मलावी
3. तंजानिया
4. केन्या

Correct Option - **2**

---

**Que. 54** वर्ष 2018-2019 में लगातार दूसरे वर्ष भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (DOPT) के ई-लर्निंग प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसे प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है?

1. तमिलनाडु
2. कर्नाटक
3. तेलंगाना
4. केरल

Correct Option - **3**

---

**Que. 55** उत्तर प्रदेश दिवस निम्नलिखित में से किस तिथि को मनाया जाता है?

1. 25 मार्च
2. 2 अप्रैल
3. 10 अप्रैल
4. 24 जनवरी

Correct Option - **4**

---

**Que. 56** मार्च 2019 तक, उपलब्ध जानकारी के अनुसार भारत का तीसरा सबसे बड़ा बैंक कौन सा है?

1. इंडियन बैंक
2. बैंक ऑफ़ बड़ौदा
3. ICICI बैंक
4. कैनरा बैंक

Correct Option - **2**

**Que. 57** रिलायंस म्यूचुअल फंड ने आवाज आधारित वित्तीय लेनदेन शुरू करने के लिए निम्नलिखित में से किस कंपनी के साथ भागीदारी की है?

1. IBM
2. एक्सेंचर
3. गूगल
4. इनफ़ोसिस

Correct Option - 3

**Que. 58** मार्च 2019 तक, उपलब्ध जानकारी के अनुसार, इन चार देशों - दक्षिण सूडान, लीबिया, यमन तथा ग्रीस में निम्नलिखित में से क्या आम है?

1. सभी अफ्रीकी देश
2. सभी राजतंत्र
3. सभी भूमध्यसागरीय देश
4. उन सभी की औसत 10 वर्षों की नकारात्मक आर्थिक वृद्धि

Correct Option - 4

**Que. 59** अप्रैल 2019 में, रिलायंस जियो ने कितनी राशि के लिए चैटबोट - स्टार्टअप फर्म हैप्टिक का अधिग्रहण किया?

1. 700 करोड़ रूपये
2. 500 करोड़ रूपये
3. 600 करोड़ रूपये
4. 400 करोड़ रूपये

Correct Option - 1

**Que. 60** इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी (ICAT) नवंबर में NuGen मोबिलिटी समिट 2019 का आयोजन निम्नलिखित में से किस स्थान पर करने जा रहा है?

1. मुम्बई
2. मानेसर
3. बेंगलुरु
4. चेन्नई

Correct Option - 2

**Que. 61** निम्नलिखित में से किस कंपनी के पास वीडियो ऐप टिकटॉक का स्वामित्व है?

1. ओपनएक्ससेल
2. कॉन्सागस टेक्नोलॉजीज
3. बाइटडांस
4. रिपेनऐप्स

Correct Option - 3

**Que. 62** निम्नलिखित में से किसे द्विपक्षीय रणनीतिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए अप्रैल 2019 में यूएई द्वारा प्रतिष्ठित जायद पदक से सम्मानित किया गया है?

1. इमरान खान
2. थेरेसा मे

3. इमैनुएल मैक्रोन
4. नरेंद्र मोदी

Correct Option - **4**

---

**Que. 63** निम्नलिखित में से कौन भारत की पहली ट्रांसजेंडर चुनाव राजदूत बनी?

1. गौरी सावंत
2. सत्यश्री शर्मीला
3. जोयिता मंडल
4. पृथिका यशिनी

Correct Option - **1**

---

**Que. 64** अप्रैल 2019 तक, उपलब्ध जानकारी के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा देश नवीनतम फीफा विश्व फुटबॉल रैंकिंग में पहले स्थान पर है?

1. इंग्लैंड
2. बेल्जियम
3. जर्मनी
4. ऑस्ट्रिया

Correct Option - **2**

---

**Que. 65** उपलब्ध जानकारी के अनुसार अप्रैल 2019 तक, भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) के अध्यक्ष कौन हैं?

1. कुमार मंगलम बिरला
2. अशोक हिंदुजा
3. विक्रम किर्लोस्कर
4. राजीव बजाज

Correct Option - **3**

---

**Que. 66** अप्रैल 2019 तक उपलब्ध जानकारी के अनुसार, तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय (TNAU) के कुलाधिपति कौन हैं?

1. त्रिलोचन महापात्र
2. अजय कुमार सिंह
3. सचिन वाधवा
4. बनवारीलाल पुरोहित

Correct Option - **4**

---

**Que. 67** जुलाई 2019 तक, उपलब्ध जानकारी के अनुसार केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री कौन हैं?

1. नरेंद्र सिंह तोमर
2. हर्षवर्धन
3. अनंत गीते
4. राधा मोहन सिंह

Correct Option - **1**

---

**Que. 68** निम्नलिखित में से कौन सा देश विश्व में गेहूँ का सबसे बड़ा उत्पादक है?

1. फ्रांस

2. चीन
3. ऑस्ट्रेलिया
4. कनाडा

Correct Option - **2**

---

**Que. 69** कीथम झील और सुर सरोवर पक्षी अभयारण्य निम्नलिखित में से किस शहर के पास स्थित हैं?

1. झाँसी
2. कानपुर
3. लखनऊ
4. आगरा

Correct Option - **4**

---

**Que. 70** भारत के किस शहर में प्रसिद्ध फलकनुमा पैलेस है?

1. झाँसी
2. ग्वालियर
3. जयपुर
4. हैदराबाद

Correct Option - **4**

---

**Que. 71** निम्नलिखित में से किस राज्य पुलिस का आदर्श वाक्य 'सुरक्षा - आपकी - संकल्प हमारा' है? इसका अर्थ है 'आपकी सुरक्षा हमारा संकल्प है'।

1. उड़ीसा पुलिस
2. राजस्थान पुलिस
3. उत्तर प्रदेश पुलिस
4. हरियाणा पुलिस

Correct Option - **3**

---

**Que. 72** 3G, 4G और 5G की मोबाइल प्रौद्योगिकी रेंज में G का क्या अर्थ है?

1. गैप
2. गीगाबिट
3. गेटवे
4. जनरेशन

Correct Option - **4**

---

**Que. 73** उस पूर्व दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी का नाम बताइए जो वर्तमान में 2019 सीज़न के लिए रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (RCB) क्रिकेट टीम के मुख्य कोच हैं?

1. ए.बी. डि विलियर्स
2. गैरी क्रिस्टन
3. एड्रियन डेल
4. हाशिम अमला

Correct Option - **2**

---

**Que. 74** भारतीय रेल मंत्री पीयूष गोयल ने मुख्य रूप से आंध्र प्रदेश के लिए एक नए रेलवे जोन की घोषणा की है। इस रेलवे जोन का नाम क्या है?

1. दक्षिण तटीय रेलवे जोन
2. रायलसीमा रेलवे जोन
3. कोरोमंडल तट रेलवे जोन
4. सीमांत रेलवे जोन

Correct Option **- 1**

---

**Que. 75** इखलास खान का रोजा (मकबरा) उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित में से किस जिले में स्थित है?

1. मेरठ
2. सहारनपुर
3. झांसी
4. बदायूं

Correct Option **- 4**

---

**Que. 76** 1975 में भारत द्वारा प्रक्षेपित किए गए पहले अंतरिक्ष यान का नाम क्या था?

1. भास्कर-I
2. आर्यभट्ट
3. एप्पल
4. रोहिणी

Correct Option **- 2**

---

**Que. 77** प्रस्तावित पूर्वी समर्पित माल ढुलाई गलियारा की लंबाई कितनी है?

1. 1556 किलोमीटर
2. 1656 किलोमीटर
3. 1756 किलोमीटर
4. 1856 किलोमीटर

Correct Option **- 4**

---

**Que. 78** DRDO द्वारा विकसित निम्नलिखित में से कौन सी प्रक्षेपास्त्र हवा से हवा में मार करने वाला प्रक्षेपास्त्र है?

1. प्रहार
2. शौर्य
3. अस्त्र
4. पृथ्वी III

Correct Option **- 3**

---

**Que. 79** निम्नलिखित में से किस विटामिन की कमी से रिकेट्स (सूखा रोग) होता है?

1. विटामिन D
2. विटामिन B
3. विटामिन E
4. विटामिन A

Correct Option **- 1**

**Que. 80** निम्नलिखित में से क्या प्रोटीन की कमी के कारण होता है?

1. घेंघा
2. क्वाशिओरकोर
3. एनीमिया
4. श्वसनीशोथ

Correct Option - **2**

**Que. 81** खट्टे फलों का सेवन बढ़ाने से निम्नलिखित में से कौन सा रोग ठीक हो सकता है?

1. पेलाग्रा
2. रतौंधी
3. स्कर्वी
4. अस्थि सुषिरता

Correct Option - **3**

**Que. 82** वाष्पीकरण की प्रक्रिया के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

1. द्रव अवस्था ठोस अवस्था में बदल जाती है
2. गैसीय अवस्था द्रव अवस्था में बदल जाती है
3. ठोस अवस्था द्रव अवस्था में बदल जाती है
4. द्रव अवस्था गैसीय अवस्था में बदल जाती है

Correct Option - **4**

**Que. 83** निम्नलिखित में से किसके परिणामस्वरूप पानी की गुणवत्ता में गिरावट आई है?

1. अपशिष्ट जल का ठीक से निपटान नहीं करना
2. वनोन्मूलन
3. जल संसाधनों का गलत वितरण
4. अधिक जनसंख्या

Correct Option - **1**

**Que. 84** तनाव की SI इकाई क्या है?

1. जूल
2. पास्कल
3. वोल्ट
4. वाट

Correct Option - **2**

**Que. 85** निम्नलिखित में से किस उपकरण का उपयोग अवशोषित या विकसित ऊष्मा को मापने के लिए किया जाता है?

1. सीलोमीटर
2. कोलोरीमीटर
3. कैलोरीमीटर
4. क्लेनामिटर

Correct Option - **3**

**Que. 86** एक नाभिक में प्रोटॉन और न्यूट्रॉन को बांधने वाला बल क्या है?

1. विद्युत चुम्बकीय बल
2. दुर्बल पेशीय बल
3. गुरुत्वाकर्षण बल
4. प्रबल नाभिकीय बल

Correct Option - **4**

---

**Que. 87** प्रोटियम, ड्यूटेरियम और ट्रिटियम को निम्नलिखित में से किस श्रेणी में रखा गया है?

1. आइसोटोप
2. आइसोबार
3. आइसोटोन
4. आइसोचोर

Correct Option - **1**

---

**Que. 88** निम्नलिखित में से कौन सी गैस दहन के लिए आवश्यक है?

1. हाइड्रोजन
2. कार्बन मोनोऑक्साइड
3. ऑक्सीजन
4. मीथेन

Correct Option - **3**

---

**Que. 89** निम्नलिखित में से कौन सा मान क्षारीय विलयन के pH का प्रतिनिधित्व करता है?

1. 5
2. 2
3. 10
4. 3

Correct Option - **3**

---

**Que. 90** निम्नलिखित में से कौन सा अनुनादी पदार्थ है?

1. लकड़ी
2. पानी
3. रबर
4. लोहा

Correct Option - **4**

---

**Que. 91** निम्नलिखित में से कौन-सा एक जल में घुलनशील विटामिन है?

1. विटामिन C
2. विटामिन कK
3. विटामिन D
4. विटामिन A

Correct Option - **1**

---

**Que. 92** रिमझिम के डॉक्टर ने उन्हें सलाह दी है कि वे बहुत अधिक संतृप्त वसा वाले भोजन का सेवन न करें। यदि रिमझिम अपने डॉक्टर की सलाह का पालन नहीं करता है, तो उसे निम्न में से क्या जोखिम हो सकता है?

1. गुर्दे की बीमारी
2. हृदयरोग
3. रक्ताल्पता
4. अग्राशय विकार

Correct Option **- 2**

---

**Que. 93** निम्नलिखित में से कौन फास्फोरस का प्रमुख स्रोत है?

1. आलू
2. अमला
3. संतरा
4. दूध

Correct Option **- 4**

---

**Que. 94** निम्नलिखित में से कौनसा झूठा पैर है जिसके द्वारा अमीबा अपना भोजन निगलता है?

1. एक्सोपोडिया
2. स्यूडोपोडिया
3. फिलोपोडिया
4. रेटिकुलोपोडिया

Correct Option **- 2**

---

**Que. 95** हमारे शरीर में हमारे कुल पोषक तत्व और खनिज अवशोषण का 90% कहाँ होता है?

1. वृक्क
2. बड़ी आंत
3. आमाशय
4. छोटी आंत

Correct Option **- 4**

---

**Que. 96** निम्नलिखित में से किसे निकटवर्तीता के रूप में जाना जाता है?

1. दीर्घदृष्टि दोष
2. दूर दृष्टि दोष
3. निकट दृष्टि दोष
4. दृष्टिवैषम्य

Correct Option **- 3**

---

**Que. 97** एक्स-रे की खोज किसने की?

1. गैलीलियो गैलीली
2. जे जे थॉमसन
3. एडविन हबल
4. डब्ल्यू सी रोएंटजेन

Correct Option **- 4**

**Que. 98** समय की SI इकाई क्या है?

1. घंटे
2. सेकंड
3. मिनट
4. मिलीसेकंड

Correct Option - **2**

**Que. 99** प्रोटीन _______ पोषक तत्वों में से एक है जो कैलोरी प्रदान करता है।

1. चार
2. तीन
3. दो
4. पांच

Correct Option - **1**

**Que. 100** निम्नलिखित में से किसे कोबालामीन के नाम से भी जाना जाता है?

1. विटामिन B12
2. विटामिन B5
3. विटामिन B7
4. विटामिन B9

Correct Option - **1**

**Que. 101** वह सबसे बड़ी संख्या कौन सी है जो 59 और 54 को विभाजित करने पर क्रमशः 3 और 5 शेषफल देती है?

1. 7
2. 3
3. 5
4. 8

Correct Option - **1**

**Que. 102** यदि एक अर्द्धगोले का आयतन $18\pi$ सेमी$^3$ है, तो उस अर्द्धगोले का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल कितना होगा?

1. $27\pi$ सेमी$^2$
2. $18\pi$ सेमी$^2$
3. $24\pi$ सेमी$^2$
4. $21\pi$ सेमी$^2$

Correct Option - **1**

**Que. 103** माना कि 'a' और 'b' दो संख्याएँ हैं। 'a' और 'b' का म.स.प. 4 है और ल.स.प. 400 है। तो 'a' और 'b' की संख्याओं के युग्म का मान क्या हो सकता है?

1. 3
2. 4
3. 2
4. 1

Correct Option - **3**

**Que. 104** नल A और B एक खाली टंकी को क्रमशः 30 मिनट और 60 मिनट में भर सकते हैं। नल C एक भरी हुई टंकी को 45 मिनट में खाली कर सकता है। यदि तीनों नल एक साथ खोल दिए जाए, तो खाली टंकी को भरने में उसे कितना समय लगेगा?

1. 18 मिनट
2. 36 मिनट
3. 24 मिनट
4. 30 मिनट

Correct Option - **2**

**Que. 105** A और B एक कार्य को क्रमशः 60 और 90 दिनों में कर सकते हैं। C की सहायता से उन्होंने कार्य को 20 दिनों में पूरा किया। यदि उनके द्वारा अर्जित कुल आय 36,000 रुपये है, तो दिया गया कि उनके द्वारा अर्जित आय उनके कार्य के समानुपात है। C का भाग क्या होगा?

1. 16000 रुपये
2. 13600 रुपये
3. 15400 रुपये
4. 14800 रुपये

Correct Option - **1**

**Que. 106** शिल्पा ने एक दूरी 3 घंटे में 20 किमी/घंटा की गति से तय की और उतनी ही दूरी 15 किमी/घंटा की गति से तय की। शिल्पा की औसत गति (किमी/घंटा में) ज्ञात कीजिए।

1. $17 \frac{1}{7}$ किमी/घंटा
2. $15 \frac{1}{2}$ किमी/घंटा
3. $17 \frac{1}{4}$ किमी/घंटा
4. $15 \frac{1}{4}$ किमी/घंटा

Correct Option - **1**

**Que. 107** PQR में, Q = 90° है। A, B और C क्रमशः PQ, QR और PR के मध्यबिंदु हैं। तो निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

1. P, A, B और C एकवृत्तीय बिंदु हैं
2. R, B, A और C एकवृत्तीय बिंदु हैं
3. Q, A, C और B एकवृत्तीय बिंदु हैं
4. दिए गए सभी विकल्प

Correct Option - **3**

**Que. 108** यदि $\alpha°$ एक कोण का माप है जो इसके संपूरक के बराबर है और $\beta°$ एक कोण का माप है जो इसके पूरक के बराबर है, तो $\alpha/\beta$ ज्ञात कीजिये।

1. 3
2. 1
3. 2
4. 0.5

Correct Option - **3**

**Que. 109**

रमेश ने एक बॉक्स सुरेश को 10% लाभ पर बेचा। सुरेश ने इसे गणेश को 20% लाभ पर बेच दिया। यदि सुरेश को 44 रुपये का लाभ होता है, तो रमेश के लिए इस बॉक्स का क्रय मूल्य क्या है?

1. 200 रुपये
2. 150 रुपये
3. 100 रुपये
4. 250 रुपये

Correct Option - **1**

---

**Que. 110** वर्ष 2011 में, महेश के पास पेड़ थे। हर वर्ष नए वृक्षारोपण के कारण यह संख्या 10% बढ़ जाती है। तो किस वर्ष पहली बार पेड़ों की संख्या 2011 की तुलना में कम से कम 50% अधिक होगी?

1. 2017
2. 2016
3. 2015
4. 2014

Correct Option - **2**

---

**Que. 111** एक राशि साधारण ब्याज दर पर 4 वर्षों में 2100 रुपये और 7 वर्षों में 2550 रुपये हो जाती है। ब्याज की दर क्या है?

1. 10%
2. 12.5%
3. 30%
4. 25%

Correct Option - **1**

---

**Que. 112** प्रथम 567 प्राकृत संख्याओं का समांतर माध्य क्या होगा?

1. 283.5
2. 284
3. 284.5
4. 283

Correct Option - **2**

---

**Que. 113** एक शंकु के आधार की त्रिज्या 7 सेमी और तिर्यक ऊंचाई 25 सेमी है। शंकु का आयतन क्या होगा?

1. 1232 सेमी$^3$
2. 3696 सेमी$^3$
3. 1864 सेमी$^3$
4. 2464 सेमी$^3$

Correct Option - **1**

---

**Que. 114** निम्नलिखित में से कौन सी संख्या पूर्ण वर्ग नहीं है?

1. 3136
2. 12544
3. 1296
4. 23832

Correct Option - **4**

---

**Que. 115** 8 रुपये 8 पैसे को दर्शाने के लिए दशमलव व्यंजक क्या होगा?

1. 88.0
2. 8.008
3. 8.08
4. 8.8

Correct Option - **3**

---

**Que. 116** प्रथम 35 सम प्राकृत संख्याओं के गुणनफल में दहाई के स्थान पर कौन सा अंक होगा?

1. 2
2. 6
3. 5
4. 0

Correct Option - **4**

---

**Que. 117** निम्नलिखित में से कौन सी संख्या सबसे बड़ी है?

1. $(49)^{3/2}$
2. $7^2$
3. $(2401)^{-1/4}$
4. $(1/343)^{-1/3}$

Correct Option - **1**

---

**Que. 118** यदि 5 के अंत में $2^x \times 5^x$ है, तो यदि x का मान है?

1. 1
2. 0
3. 2
4. x का कोई मान नहीं होगा

Correct Option - **4**

---

**Que. 119** दो सह-अभाज्य संख्याओं (a और b) का लघुत्तम समापवर्तक क्या होगा?

1. a - b
2. a + b
3. a / b
4. ab

Correct Option - **4**

---

**Que. 120** एक संख्या और उसके दो-चौथाई के बीच का अंतर 60 है। संख्या क्या है?

1. 120
2. 125
3. 130
4. 160

Correct Option - **1**

---

**Que. 121** यदि A : B = 3 : 7 और B : C = 7 : 9 है, तो A : C ______ के बराबर है।

1. 3 : 7

2. 2 : 3
3. 3 : 1
4. 1 : 3

Correct Option - **4**

---

**Que. 122** X एक कार्य को पूरा करने में 8 दिन का समय लेता है। Y उसी कार्य को पूरा करने में 12 दिन का समय लेता है। X और Y को एक साथ, लेकिन स्वतंत्र रूप से समान कार्य को पूरा करने में कितना समय लगेगा?

1. 4 दिन
2. $4\frac{4}{5}$ दिन
3. $4\frac{5}{7}$ दिन
4. 5 दिन

Correct Option - **2**

---

**Que. 123** एक वर्ग का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसका विकर्ण 10 मीटर है।

1. 10 मीटर$^2$
2. 50 मीटर$^2$
3. 100 मीटर$^2$
4. 110 मीटर$^2$

Correct Option - **2**

---

**Que. 124** निम्नलिखित को हल कीजिये:

$(1 - \text{Sin}^2\theta)(\text{Sec}^2\theta)$

1. 0
2. 1
3. Sinθ
4. Cosθ

Correct Option - **2**

---

**Que. 125** निम्नलिखित आँकड़ों की परास ज्ञात कीजिए। 32, 45, 16, 28, 69, 34, 29, 54, 48

1. 16
2. 44
3. 53
4. 54

Correct Option - **3**

---

**Que. 126** **निर्देश:** निम्नलिखित जानकारी का अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

अनंत रूपों में प्रकृति हमारे सामने आती है-कहीं मधुर, सुसज्जित या सुंदर रूप मैं कही रूखे, बेडौल या कर्कश; रूप मे; कहीं भव्य, विशाल या विचित्र रूप में, और कहीं उग्र में, कराल या भयंकर रूप में। सच्चे कवि का हृदय उसके उन सब रूपों में लीन होता है, क्योंकि उसके अनुराग का कारण अपना खास सुखभोग नहीं, बल्कि चिरसाहचर्य द्वारा प्रतिष्ठित वासना है। जो केवल प्रफुल्ल प्रसून प्रसाद के सौरभ-संचार, मकरंदलोलुप मुधकर के गुंजार, कोकिलकूजित निकुंज और शीतल सुखस्पर्श समीर की ही चर्चा किया करते हैं, वे विषयी भोगलिप्सु हैं। इसी प्रकार जो केवल मुक्ताभासहिम बिंदुमंडित मरकताशभ्न शाद्वलजाल, अत्यंत विशाल गिरिशिखर से गिरते जलप्रपात की गंभीर गति से उठी हुई सीकरनीहारिका के बीच विविधवर्ण स्फुरण की विशालता. भव्यता और विचित्रता में ही अपने हृदय के लिए कुछ पाते हैं वे तमाशबीन हैं, सच्चे भावुक या सहदय नहीं। प्रकृति के साधारण, असाधारण सब प्रकार के रूपों को रखने वाले वर्णन हमें

वाल्मीकि, कालिदास, भवभूति इत्यादि संस्कृत के प्राचीन कवियों में मिलते हैं। पिछले खेवे के कवियों ने मुकतक रचना मैं तो अधिकतर प्राकृतिक वस्तुओं का अलग-अलग उल्लेख केवल उद्दीपन की दृष्टि से किया है। प्रबंध रचना में थोड़ा-बहुत संश्लिष्ट चित्रण किया है, वह प्रकृति की विशेष रूपविभूति को लेकर ही।

उपरोक्त गद्यांश के लिए उचि शीर्षक बताइए।

1. प्रकृति का रुप
2. कवि और प्रकृति
3. सच्चा कवि
4. प्रकृति का सौंदर्य

Correct Option **- 2**

---

**Que. 127** उपरोक्त गद्यांश के आधार पर बताइए कि प्रकृति के साधारण, असाधारण सब प्रकार के रुपों को रखने वाले वर्णन हमें कहाँ देखने को मिलते हैं?

1. प्रबंध रचना में
2. मुक्तक रचना में
3. पिछले खेवे के कवियों में
4. वाल्मीकि, कालिदास, भवभूमि इत्यादि संस्कृत के प्राचीन कवियों में

Correct Option **- 4**

---

**Que. 128** उपरोक्त गद्यांश का संक्षेपण कीजिए।

1. सच्चे कवि का हृदय प्रकृति के सभी रूपों में लीन होता है, क्योंकि उसके अनुराग का कारण अपना खास सुखभोग नहीं, बल्कि चिरसाहचर्य द्वारा प्रतिष्ठित वासना है।
2. जो केवल मुक्ताभासहिम बिंदुमंडित मरकताभ शाद्वलजाल, अत्यंत विशाल गिरिशिखर से गिरते जलप्रपात की गंभीर गति से उठी हुई सीकरनीहारिका के बीच विविधवर्ण स्फुरण की विशालता. भव्यता और विचित्रता मैं ही अपने हृदय के लिए कुछ पाते हैं वे तमाशबीन हैं, सच्चे आवुक या सहदय नहीं।
3. प्रकृति के दो रूप हैं; एक सुंदर, दूसरा बेडौल। सच्चे कवि का हृदय दोनों में रमता है। किंतु, जो प्रकृति के बाहरी सौंदर्य का चयन अथवा उसकी रहस्यमयता का उद्घाटन करता रह गया, वह कवि नहीं है। प्रकृति के सच्चे रूपों का चित्रण संस्कृत के प्राचीन कवियों में मिलते हैं। प्रबंध काव्यों में उसका संश्लिष्ट वर्णन हुआ है।
4. पिछले खेवे के कवियों ने मुकतक रचना में तो अधिकतर प्राकृतिक वस्तुओं का अलग-अलग उल्लेख केवल उद्दीपन की दृष्टि से किया है। प्रबंध रचना में थोड़ा-बहुत सश्लिष्ट चित्रण किया है, वह प्रकृति की विशेष रूपविभूति को लेकर ही।

Correct Option **- 3**

---

**Que. 129** 'गूलर का फूल' मुहावरे का सही अर्थ चुनें।

1. बिल्कुल बुद्धु
2. दिखावटी धमकी
3. दुर्लभ वस्तु
4. तुच्छ समझना

Correct Option **- 3**

---

**Que. 130** कक्षा दस के छात्र ने अपना अनुपस्थित दंड माफ करने के लिए प्रधानाध्यापक को पत्र लिखा। उसका यह पत्र किस वर्ग में आएगा?

1. निमंत्रण पत्र

2. आवेदन पत्र
3. व्यावसायिक पत्र
4. व्यापारिक पत्र

Correct Option **- 2**

---

**Que. 131** कार्यालय आदेश में अधिकारी का हस्ताक्षर किस स्थान पर आएगा?

1. नीचे दाहिनी ओर
2. नीचे बाईं ओर
3. ऊपर दाहिनी ओर
4. ऊपर बाई और

Correct Option **- 1**

---

**Que. 132** हिंदी स्वरों का वर्गीकरण जब जीभ के भाग के आधार पर किया जाता है तो निम्नलिखित में से कौन सा भेद इसके अंतर्गत नहीं आएगा?

1. अग्र स्वर
2. मध्य स्वर
3. पश्च स्वर
4. विवृत स्वर

Correct Option **- 4**

---

**Que. 133** निम्नलिखित में से पार्श्विक ध्वनि कौन सी है?

1. ण
2. ल
3. र
4. च

Correct Option **- 2**

---

**Que. 134** 'प्रत्येक शब्द में कौन सा उपसर्ग हैं?

1. प्र
2. प्रति
3. एक
4. इक

Correct Option **- 2**

---

**Que. 135** "बैठक" शब्द में कौन सा प्रत्यय है?

1. बै
2. बैठ
3. अक
4. क

Correct Option **- 3**

---

**Que. 136** 'ऋषि की गाय बहुत दूध देती है।' वाक्य में रेंखाकिंत शब्द किस विशेषण का उदाहरण है।

1. गुणवाचक
2. संख्यावाचक
3. सार्वनामिक
4. परिमाणबोधक

Correct Option **- 4**

---

**Que. 137** जब कर्ता एक क्रिया समाप्त कर उसी क्षण दूसरी क्रिया में प्रवृत्त होता है तब पहली क्रिया क्या कहलाती है?

1. सहायक क्रिया
2. नामबोधक क्रिया
3. पूर्वकालिक क्रिया
4. भूतकालिक क्रिया

Correct Option **- 3**

---

**Que. 138** निम्नलिखित में से कौन सा 'उत्कंठित' का पर्यायवाची नहीं है?

1. इच्छुक
2. लालायित
3. उत्सुक
4. अभिलाषा

Correct Option **- 4**

---

**Que. 139** निम्नलिखित में से कौन सा सही विलोम-युग्म नहीं है?

1. सदाचार-दुराचारी
2. सम-विषम
3. समर्थक-विरोधी
4. समष्टि-व्यष्टि

Correct Option **- 1**

---

**Que. 140** तैरती चलती है इसलिए नाव को ______ कहते है। रिक्त स्थान में निम्नलिखित में से कौन सा शब्द आएगा?

1. तरणि
2. तरणी
3. तरुणी
4. तरुणि

Correct Option **- 2**

---

**Que. 141** 'तर्क के द्वारा जो माना गया हो' - वाक्यांश के लिए शब्द निम्नलिखित मे ंसे क्या होगा?

1. तर्कसम्मत
2. तर्कसंगत
3. तकावी
4. तटस्थ

Correct Option - 1

---

**Que. 142** निम्नलिखित में से कौन सा शब्द **स्त्रीलिंग** है?

1. फुटपाथ
2. स्कूल
3. स्टोव
4. केतली

Correct Option - 4

---

**Que. 143** 'पानी न बरसता तो धान सूख जाता।' - किस प्रकार का वाक्य है?

1. आज्ञावाचक
2. संकेतवाचक
3. संदेहवाचक
4. इच्छावाचक

Correct Option - 2

---

**Que. 144** निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य अशुद्ध है?

1. सारा राज्य उसके लिए थाती था।
2. ऐसी एकाध बात और देखने में आती है।
3. इन दोनों में केवल यही अंतर है।
4. मैं आपके दर्शन करने आया हूँ

Correct Option - 2

---

**Que. 145** 'वचन से फिरना' के लिए उचित मुहावरा चुनें।

1. थूककर चाटना
2. तलवे चाटना
3. दमड़ी के तीन होना
4. दाँत तालू में जमना

Correct Option - 1

---

**Que. 146** 'ठीक-ठीक न्याय हो जाना'- के लिए उचित लोकोक्ति चुनें।

1. तेल देखो तेल की धार देखो
2. दूल्हा को पत्तल नहीं बजनिए को थाल
3. दूध का दूध पानी का पानी
4. तू डाल डाल, मैं पात-पात

Correct Option - 3

---

**Que. 147** निम्नलिखित में से कौन सी रचना नागार्जुन की नहीं है?

1. रतिनाथ की चाची
2. बाबा बटेसरनाथ

3. इमरतिया
4. दादा कामरेड

Correct Option **- 4**

---

**Que. 148** 'हिंदी साहित्य की भूमिका' के लेखक कौन हैं?

1. रामचंद्र शुक्ल
2. डॉ. रामकुमार वर्मा
3. हजारीप्रसाद द्विवेदी
4. रामविलास शर्मा

Correct Option **- 3**

---

**Que. 149** 'अवधी' बोली किस अपभ्रंश से विकसित हुई?

1. मागधी
2. अर्द्ध मागधी
3. शौरसेनी
4. ब्राचड़

Correct Option **- 2**

---

**Que. 150** 'पृथ्वीराज रासो' हिंदी साहित्य के किस काल में लिखा गया?

1. आदिकाल
2. भक्तिकाल
3. रीतिकाल
4. आधुनिक काल

Correct Option **- 1**